नीतीश (NITISH) डिवाइस

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (Bihar State Disaster Management Authority) ने **नीतीश (Novel Initiative Technological Intervention for Safety of Humanlives - NITISH)** डिवाइस लॉन्च किया है, जो किसानों और जनता को समय पर अलर्ट प्रदान करने के लिये अभिकल्पित एक अभिनव लॉकेट/पेंडेंट-आकार की तकनीक है। यह तकनीक विशेष रूप से तड़ित (lightning), बाढ़, ग्रीष्म लहर **(Heatwaves) और** शीतलहर **(Coldwaves)** को लक्षित करती है।

- यह पहल आकाशीय बिजली गिरने और फ्लैश फ्लड यानी अचानक आई बाढ़ के कारण होने वाली **किसानों की मौतों को ध्यान में रखते हुए** शुरू की गई थी, जिसमें जीवन बचाने में डिवाइस की भूमिका पर ज़ोर दिया गया था।
- NITISH डिवाइस को **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (Indian Institute of Technology- IIT), पटना** के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है।
- यह उपकरण **बिहार मौसम विज्ञान सेवा केंद्र** (Bihar Meteorological Service Centre) से संबद्ध है, जो **वास्तविक समय/रियल टाइम और सटीक मौसम संबंधी अलर्ट** सुनिश्चित करता है।
- NITISH डिवाइस आकाशीय बिजली गिरने या बाढ़ आने से **आधे घंटे पहले** अपने उपयोगकर्त्ताओं को अलर्ट देगा।
- पेंडेंट **शरीर की ऊष्मा से चार्ज** होगा। यह डिवाइस तीन तरह से अलर्ट जारी करेगा: सबसे पहले यह **ध्वनि संदेश** भेजेगा; तत्पश्चात इसका **रंग हरे से लाल** हो जाएगा; और अंत में यह डिवाइस **तब तक गर्म होता रहेगा जब तक उसका उपयोगकर्त्ता इसे बंद नहीं कर देता**।
- किसानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, इस उपकरण को **वाटरप्रूफ** बनाया गया है, ताकि यह मौसम की विभिन्न स्थितियों में सुचारु ढंग से कार्य कर सके।

//

और पढ़ें: आपातकालीन चेतावनी प्रणाली

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nitish-device